छात्र स्वयं करें।

पाठ—5. सर्वनाम

देखिए, पढ़िए और समझिए:

● वह....उसकी....उसके...वह...उसकी।

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. सर्वनाम संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किये जाने वाले शब्दों को कहते हैं।
2. पुरुषवाचक सर्वनाम के भेद—
(i) उत्तमपुरुष, (ii) मध्यपुरुष, (iii) अन्यपुरुष
3. सबंधवाचक सर्वनाम वे सर्वनाम होते हैं। जो किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध प्रकट करते हैं।

4. यह अंतर है कि क्या प्रश्नवाचक है और कुछ अनिश्चयवाचक सर्वनाम है।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) **1.** (iv) छह [✓]
2. (i) प्रश्नवाचक सर्वनाम [✓]
3. (iv) मैं [✓]
4. (ii) मैं [✓]
5. (iii) यह, वह [✓]

(ब) **1.** [✓] **2.** [×]
3. [✓] **4.** [✓]
5. [✓] ।

(स) **1.** जो...वो, **2.** स्वयं,
3. मेरे, **4.** कुछ,
5. वहाँ।

(द) **पुरुषवाचक सर्वनाम:** मैं, तुम्हारा, आपका।
निजवाचक सर्वनाम: स्वयं, खुद, अपने-आप।
संबंधवाचक सर्वनाम: जिसे-उसे, जैसा-वैसा, जो-सो।

सोचो जरा सोचो:

☆ वह दो वक्ताओं के बीच अन्य के लिए प्रयोग किये जाने पर पुरुषवाचक सर्वनाम होता है, पास या दूर की वस्तु की ओर संकेत करने पर निश्चयवाचक सर्वनाम होता है और जब दूसरे सर्वनाम से संबंध प्रकट करता है। तो संबंधवाचक सर्वनाम होता है;
जैसे– वह घर जाता है। (पुरुषवाचक सर्वनाम), वह कमरा मेरा है। (निश्चयवाचक सर्वनाम), जो पढ़ेगा वह पास होगा। (संबंधवाचक सर्वनाम)।

करके देखिए– अनिश्चयवाचक: कुछ, कोई
निश्चय वाचक: यह, वह, वे।
पुरुषवाचक: वह, मैं, तुम।
प्रश्नवाचक: क्या, किसका, कौन, किसने।
निजवाचक: खुद, स्वयं, अपने-आप।
संबंधवाचक: जैसा-वैसा, जिसे-उसे, जो-सो।

पाठ–6. विशेषण

देखिए, पढिए और समझिए:

● मेरे, ● एक, ●छोटी-सी, ● मोटी, बड़ी और काली ●ताजी और साफ-सुथरी ● ताजे और रसीले ● सात ● चार ● अधिक ● सारी● सारे।

आओ करें–

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को कहते हैं तथा उसके चार भेद हैं।
2. संख्यावाचक विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताते हैं तथा परिमाणवाचक विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की माप-तौल बताते हैं।
3. सार्वनामिक विशेषण संज्ञा से पहले आकर संज्ञा की विशेषता वाले शब्दों को कहते हैं।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) **1.** (iv) विशेष्य, **2.** (i) गुणवाचक,
3. (ii) विशेषण

(ब) **गुणवाचक विशेषण:** ईमानदार, बुरा, काला।
संख्यावाचक विशेषण: पाँच, बारह, कुछ।
परिमाणवाचक विशेषण: थोडी, ज्यादा, दो लीटर।
सार्वनामिक विशेषण: यह, वह, ये।

(स) **1.** – (ii) **2.** – (iii)
3. – (iv) **4.** – (i)

(द) **1.** एक किलो **2.** बहती,
3. अच्छा, **4.** लाल।

सोचो जरा सोचो:

☆ हाँ, गुणवाचक विशेषण में गुण, दोष, आकार, अवस्था, रंग, स्वभाव आदि आते हैं।

☆ संख्यावाचक।

करके देखिए– छात्र-छात्रा स्वयं लिखें; जैसे– **मेरे** घर से विद्यालय जाते समय **बड़ा** चौराहा पड़ता है। वहाँ **एक** मन्दिर है। **उस** मन्दिर में अधिक भीड़ रहती है। उससे थोड़ी

दूर मोटू हलवाई की दुकान है। यहाँ मेरे व उस सार्वनामिक विशेषण, बड़ा व मोटू गुणवाचक, एक निश्चित संख्यावाचक, अधिक अनिश्चित संख्यावाचक तथा थोड़ी अनिश्चय परिमाणवाचक विशेषण हैं।

पाठ—7. क्रिया

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. काम के होने या करने का पता क्रिया शब्दों से चलता है।
2. क्रिया दो प्रकार की होती है।
3. अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता और सकर्मक क्रिया के साथ कर्म होता है।
4. क्रिया का मूल रूप धातु कहलाता है।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) 1. (iv) काम के करने या होने को [✓]
2. (i) क्रिया [✓]
3. (iii) गा [✓]
4. (i) अकर्मक [✓]

(ब) 1. सुनता है? 2. जाऊँगा।
3. देगा। 4. उड़ रहे हैं।
5. बह रहे हैं।

(स) 1. खेलना- अकर्मक (सामान्य रूप में खेलना क्रिया अकर्मक होती है परन्तु यहाँ वाक्य में कर्म नहीं दिया है, इसलिए अकर्मक है),
2. सुनेगा - सकर्मक,
3. याद करूँगी - सकर्मक,
4. सो रहा हूँ - अकर्मक,
5. पी रहा है - सकर्मक।

(द) 1. – (iii) 2. – (iv)
3. – (v) 4. – (vi)
5. – (ii) 6. – (i)

सोचो जरा सोचो:

☆ नहीं, क्योंकि सुबह उठना ही सबसे पहला काम है उसके बाद तो पूरे दिन काम ही काम रहते हैं।

करके देखिए: एक लड़की पार्क में कुत्ते को घूमा रही है। भोलू साइकिल चला रहा है। दादाजी टहल रहे हैं। पिंकी योगासन कर रही है। चिंटू पुस्तक पढ़ रहा है। नवीन व जीवन तितलियाँ पकड़ रहे हैं। प्रथम व नव्या फुटबॉल से खेल रहे हैं। चंचल झूला झूल रही है। मयंक पेड़ पर चढ़ रहा है। प्रवेश ने कुछ खाकर थैली वहीं पर फैंक दी है। इस प्रकार सभी कुछ न कुछ क्रिया कर रहे हैं।

पाठ—8. काल

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य के करने या होने के समय बोध होता है, उसे काल कहते हैं।
2. काल के तीन भेद होते हैं।
3. समय का मतलब काल होता है।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) 1. (i) समय को [✓]
2. (ii) भविष्यत् काल [✓]
3. (i) क्रिया [✓]

(ब) 1. – (iv) 2. – (v)
3. – (ii) 4. – (i)
5. – (iii)

(स) भविष्यत्काल— पढ़ेंगे, खेलेगा, नहाएगा।
वर्तमानकाल— धो रहा है, उड़ रहा है, दौड़ता है।
भूतकाल— हँसा, सोचा, किया।

(द) 1. भूतकाल 2. भूतकाल
3. भूतकाल 4. भविष्यत् काल
5. वर्तमानकाल

(य) 1. – (iii) 2. – (iv)
3. – (i) 4. – (ii)
5. – (vi) 6. – (v)

सोचो जरा सोचो:

☆ दादाजी, दादीजी, मेरे माता-पिता, चाचा-चाची, बुआ आदि रहते थे और मेरे बाद मेरे बच्चे रहेंगे।

करके देखिए- छात्र-छात्राएँ स्वयं करें; जैसे- कल मैंने कपड़े धोए, आज मैं प्रेस कर रहा हूँ और कल पहनूँगा। नित्यकर्म - उठना, शौच जाना, दातुन करना, नहाना, कपड़े पहनना, नास्ता करना, स्कूल जाना, खाना-खाना, खेलना, सोना आदि कार्य कल भी किए थे, आज भी कर रहा हूँ और कल भी करूँगा।

पाठ—9. लिंग

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. लिंग पुरुष-जाति या स्त्री-जाति का बोध कराने वाले शब्दों के कहते हैं।
2. लिंग की पहचान क्रिया तथा विशेषण द्वारा होती है।
3. उभय लिंग स्त्री-जाति व पुरुष-जाति के लिए समान रूप से प्रयोग किये जाने वाले संज्ञा शब्दों को कहते हैं।
4. हिंदी में लिंग के दो भेद होते हैं।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) **1.** (i) पुरुष [✓]
2. (iv) प्रधानमंत्री [✓]
3. (iv) नर कोयल [✓]

(ब) **1.** लड़का **2.** अभिनेत्री
3. बुद्धिमान **4.** पंडिताइन
5. हथिनी **6.** मादा मक्खी

(स) **1.** शिष्या शिक्षा प्राप्त करती है।
2. नौकरानी मालकिन के साथ जा रही है।
3. माताजी बुद्धिमती हैं।
4. वह घर जाती है।
5. यह उसकी पड़ोसन है।

(द) **पुल्लिंग शब्द:** घोड़ा, आम, अप्रैल, गुलाब, सोमवार, भारत, ऐनक, पकौड़े, शेर दूध।
स्त्रीलिंग शब्द: मटर , दादी, यमुना, देवनागरी, बोतल, लीची, कलम, नदी, पुस्तक, मेज।

सोचो जरा सोचो:

☆ नहीं, क्योंकि ज्यादातर प्राणियों के पुल्लिंग होते हैं; जैसे- आदमी-औरत बैल-गाय, शेर-शेरनी आदि। नर या मादा केवल उन प्राणियों में लगाते हैं जिनके पुल्लिंग व स्त्रीलिंग शब्द नहीं हैं: मछली = नर मछली व मादा मछली, कौआ = नर कौआ व मादा कौआ आदि।

करके देखिए- 5. भगवान-भगवती। 6. मेरा-मेरी। 8. शिक्षक-शिक्षिका। 9. गया-गयी। 10. श्रीमान-श्रीमती।

पाठ -10
वचन

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. संख्या बताने वाले शब्दों को वचन कहते हैं।
2. वचन के दो भेद होते हैं।
3. एक वचन क्रिया के साथ बहुवचन क्रिया का प्रयोग आदर देने के लिए।
4. वचन की पहचान संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण व क्रिया से होती है।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) **1.** (i) संख्या बताने वाले शब्दों को [✓]
2. (iii) बहुवचन [✓]
3. (iii) प्राण [✓]
4. (i) जातिवाचक संज्ञा [✓]

(ब) **1.** गधे। **2.** पुस्तकें।
3. कविताएँ। **4.** वधुएँ।
5. चिड़ियाँ। **6.** ये सेब।

(स) **1.** मिठाइयों पर मक्खी भिनभिना रही है।
2. वे कक्षा में पढ़ रहीं है।
3. गाने सुनकर श्रोता झूम उठे।
4. दवा पर तारीख लिखी होती है।
5. चिड़ियाँ उड़ रहीं हैं।

(द) **1.** छात्र कक्षा में बैठा है।
छात्र कक्षा में बैठे हैं।
2. साधु मठ में रहता है।
साधु मठ में रहते हैं।
3. मुझे आपसे बात करना है।

मुझे आपसे बातें करनी हैं।

4. सैनिक ने गोली चला दीं।
   सैनिकों ने गोलियाँ चला दी।

सोचो जरा सोचो:

☆ नहीं

☆ क्रिया से; जैसें- हस्ताक्षर कर दिये। आँसू आ गये। प्राण निकल गये।

करके देखिए:

छात्र-छात्राएँ अपनी-अपनी कक्षा के अनुसार स्वयं करें, जैसे-एकवचन: कक्षा बोर्ड, शिक्षक, शिक्षिका, मेज, अलमारी आदि।

बहुवचन: छात्र, छात्राएँ, मेंजे, बेंचे, पुस्तकें, कापियाँ, बस्ते आदि।

पाठ -11
कारक

देखिए, पढ़िए, समझिए: के...में...पर...ने...से...को।

आओ करें—

अब बताइए (वाचन कौशल):

1. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ सम्बन्ध पता चलता है, उसे कारक कहते हैं।
2. कारक आठ प्रकार के होते हैं।
3. करण कारक का प्रयोग साधन के लिए होता है तथा अपादान कारक का प्रयोग अलग होने के लिए होता है। जैसे- हाथ से लिखा - (करण) तथा हाथ से गिरा - (अपादान)।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) 1. (i) कारक-चिन्ह (✓)
2. (ii) कारक चिन्हों को (✓)
3. (i) कर्म (✓)

(ब) 1. (iv) 2. (iii)
3. (ii) 4. (i)

(स) 1. पेड़ से आम गिर पड़ा।
2. मरीज के लिए दवा लानी है।
3. हे! राम, ये क्या हो गया?
4. ये सोनल की माँ है।

(द) 1. में 2. का
3. से 4. के लिए

सोचो जरा सोचो:

☆ 'साइकिल से घर जाना' में साइकिल जाने का साधन है, अत: यहाँ से करण कारक है तथा 'साइकिल से गिर जाना' में साइकिल से अलग हो रहा है, अत: यहाँ से अपादान कारक है।

☆ नहीं।

करके देखिए:

2. कर्म - सेब - को
3. करण - चाकू - से
4. सम्प्रदान - बच्चे - के लिए
5. अपादान - पेड़ - से
6. सम्बन्ध - उस - के
7. अधिकरण - पिता - पर
8. सम्बोधन - अरे! - अरे!

पाठ -12
अविकारी शब्द

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. अविकारी शब्द विकार शब्द में अ उपसर्ग बनाया गया है।
2. अविकारी शब्द को अव्यय इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन शब्दों में कुछ भी व्यय (खर्च) अर्थात् विकार नहीं होता।
3. अविकार शब्द लिंग, वचन और काल के प्रभाव से कोई परिवर्तन न होने वाले शब्दों को कहते हैं तथा ये चार प्रकार के होते हैं।
4. क्रिया-विशेषण क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को कहते हैं तथा ये चार प्रकार के होते हैं।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

(अ) 1. (ii) समुच्चयबोधक अव्यय (✓)
2. (ii) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण (✓)
3. (i) सम्बन्धबोधक अव्यय (✓)

4. (i) सम्बन्धबोधक अव्यय (✓)
5. (iv) विस्मयादिबोधक अव्यय (✓)

(ब) 1. के पीछे 2. के अंदर
3. के ऊपर 4. के बाहर
5. के साथ

(स) 1. कल – कालवाचक क्रिया-विशेषण
2. आजकल – कालवाचक क्रिया-विशेषण
3. अचानक – रीतिवाचक क्रिया-विशेषण
4. अधिक – परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

(द) 1. और 2. या
3. क्योंकि 4. अन्यथा
5. परन्तु

(य) 1. शबाश! 2. बाप रे!
3. छि:! 4. काश!
5. हाय!

(र) 1. स्थानवाचक क्रिया-विशेषण अव्यय
2. रीतिवाचक क्रिया-विशेषण अव्यय
3. सम्बन्धवाचक अव्यय
4. समुच्चयबोधक अव्यय
5. विस्मयादिबोधक अव्यय

सोचो जरा सोचो:

☆ हाँ, हमारे नाम अविकारी शब्द हैं; क्योंकि हमारे नाम में लिंग, वचन और काल के आधार पर कोई विकार नहीं आता, जैसे – राम या सीता के लिंग और वचन में कोई बदलाव नहीं आता।

करके देखिए:

1. मयंक ने गेंद फेंकी।
2. सचिन ने बल्ला घुमाया।
3. गेंद उसके बल्ले से लगकर **जोर** से उछली।
4. राहुल ने **उछलकर** कैच पकड़ने का प्रयास किया।
5. विकेट कीपर **और** बॉलर ने **चीखकर** कैच पकड़ने के लिए कहा।
6. शॉट **बहुत तेज और ऊँचा** था।
7. गेंद राहुल के सिर **के ऊपर** से बाउण्ड्री **के बाहर** जाकर गिरी।
8. इस प्रकार सचिन को छह रन मिले।

पाठ -13
विराम-चिह्न

आओ करें–

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. विराम-चिन्ह लिखित भाषा में विराम को प्रदर्शित करने वाले चिन्हों को कहते हैं।
2. विराम-चिन्ह का प्रयोग वाक्य के अर्थ को समझने के लिए किया जाता है।

अब लिखित (लेखन कौशल):

1. (i) विस्मयादिबोधक चिह्न से (✓)
2. (ii) उद्धरण चिह्न (✓)
3. (iii) पूर्ण विराम (✓)
4. (iv) प्रश्नवाचक चिह्न (✓)
5. (i) लाघव चिह्न (✓)

(द) नीम, "अरे भाई पीपल! तुम आज इतने मुरझाए – से क्यों लग रहे हो?" पीपल, "क्या करूँ? पर्यावरण असंतुलन के कारण गर्मी बहुत पड़ रही है, बारिश कम हो रही है।" नीम, "हाल तो मेरा भी कुछ-कुछ ऐसा ही है। सुना है, बाहर के रास्ते पर एक होटल बन रहा है; सभी छोटे-बड़े पेड़ों को काट दिया जाएगा।" पीपल, "अरे! यह ठीक नहीं है; जाओ, उन्हें रोको, पेड़ काटने से रोको।" इतने में पास ही रेडियो से आवाज आई, कोई कह रहा था– हरियाली है जहाँ, समृद्धि है वहाँ।

सोचो जरा सोचो:

☆ ट्रेफिक पुलिस के सिपाही के संकेतों से या लाल, पीली और हरी बत्तियों से।

☆ कॉमर्सियल ब्रेक देकर।

करके देखिए:

एक हाथी था। वह रोज नदी से वापस आते समय दर्जी की दुकान पर रुकता था। दर्जी उसे रोज एक केला देता था। एक दिन दुकान पर दर्जी नहीं था, उसका बेटा बैठा था। रोज की तरह हाथी ने आकर अपनी सूँढ़ फैला दी। दर्जी के लड़के ने उसकी सूँढ़ में सूई चुभो दी। हाथी को गुस्सा आ

गया और उसने अपनी सूँढ़ में गंदा पानी भर लिया। लोटते समय उसने वो सारा गंदा पानी उस दर्जी की दुकान में उड़ेल दिया, जिससे उसकी दुकान के सारे कपड़े खराब हो गये।

पाठ -14
शब्द-भंडार

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. पर्यायवाची शब्द मिलता-जुलता अर्थ देने वाले शब्द को कहते हैं।
2. विलोम शब्द एक-दूसरे का उलटा अर्थ देने वाले शब्द को कहते हैं।
3. अनेकार्थी शब्द एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्द को कहते हैं।

अब लिखिए (लेखन कौशल):

1. (i) पर्यायवाची (✓)
2. (ii) विलोम (✓)
3. (iv) श्रुतिसम-भिन्नार्थक (✓)

(ब) 1. विषम 2. अन्याय
3. नवीन 4. विक्रय

(स) 1. गोद - माँ ने बच्चे को अंक में भर लिया।
संख्या - मेरे परीक्षा में कम अंक आये हैं।
2. वस्त्र - श्रीकृष्ण ने पीत पट धारण कर रखे हैं।
दरवाजा - भिखारी को देखकर उसने पट बन्द कर दिये।
3. दिन - आज रविवार है।
प्रहार - उसने चाकू से वार किया।
4. लोहा - आग से सार भी भस्म बन जाता है।
तत्व - कर्म-योग गीता का सार है।

(द) 1. (v) 2. (iii)
3. (iv) 4. (i)
5. (ii)

सोचो जरा सोचो:

☆ दाल, चावल, गेंहू आदि अनाज।

करके देखिए:

ऊपर से नीचे—

1. गजानन 2. नया
3. खतरनाक 4. काम

दाएँ से बाएँ—

1. गन्दगी 2. नवीन
3. खग 4. हाथ

पाठ -15
मुहावरे और लोकोक्तियाँ

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. मुहावरा साधारण अर्थ न देकर विशिष्ठ अर्थ देने वाले वाक्यांश को कहते हैं।
2. लोकोक्ति साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ देने वाले स्वतन्त्र रूप से प्रयुक्त वाक्य को कहते हैं।
3. मुहावरा वाक्यांश होता है तथा लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है।
4. भाषा रोचक व सुन्दर मुहावरे व लोकोक्ति के प्रयोग से बनती है।

अब लिखिए: (लेखन कौशल):

1. (ii) लोकोक्तियाँ (✓)
2. (i) मुहावरे (✓)
3. (i) टाँग अड़ाना (✓)
4. (iii) खोदा पहाड़ निकली चुहिया (✓)
5. (iv) विकल्प (i) व (ii) (✓)

(ब) 1. एकमात्र सहारा होना - मोहन अपने माता-पिता के लिए अंधे की लाठी है।
2. बुरी तरह हराना - आईपीएल में मुम्बई इण्डिन ने चैन्नई सुपरकिंग के छक्के छुड़ा दिए।
3. रीति के विरुद्ध काम करना - हिन्दी के शिक्षक से अंग्रेजी पढ़वाना उल्टी गंगा बहाना है।
4. घमण्ड करना - इंजीनियर बनते ही सोनम के पैर जमीन पर नहीं पड़ रहे हैं।

(स) 1. ओखली में सिर देना।
2. भैंस के आगे बीन बजाना।

3. चिराग तले अँधेरा।
4. आम के आम गुठलियों के दाम।

(द) 1. दिन रात एक कर दिया।
2. अँगूठा दिखा दिया।
3. चूहे कूद रहे हैं।
4. जिससे वो उल्टी गंगा बहाती है।

सोचो जरा सोचो:

☆ हाँ क्योंकि वो एकमात्र सहारा होता है।

करके देखिए:

1. आँख लगना
2. अंगूठा दिखाना
3. पैर जमीन पर न पड़ना
4. नाक रगड़ना
5. हाथ मलना, पेट पर लात मारना
6. मुँह की खाना आदि।
7. ऊँट के मुँह में जीरा
8. भैंस के आगे बीन बजाना
9. घर की मुर्गी दाल बराबर
10. खोदा पहाड़ निकली चुहिया
11. बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

पाठ -16
अपठित गद्यांश

(अ) 1. पुस्तकालय
2. पुस्तकालय पुस्तकें रखने के कक्ष को कहा जाता है।
3. पुस्तकालय में पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ, अखबार, चार्ट आदि चीजें होती हैं।
4. विद्यालय में बच्चे अखबार पुस्तकालय में बैठकर पढ़ते हैं।
5. 'किताबें' का पर्यायवाची शब्द पुस्तकें हैं।

(ब) 1. (iii) 2. (i)
3. (iii) 4. (iv)
5. (ii)

आओ करें—

अब बताइए: (लेखन कौशल):

1. 1. भारतीय किसान
2. किसान
3. किसान अभाव व भूख के साथ-साथ गर्मी, सर्दी और बरसात की मार सहन करते हुए अपने कर्त्तव्य का पालन करता है।
4. हमें किसानों के पलायन को रोकना चाहिए।
5. पग-पग

2. 1. (i) समय
2. (iii) सही नियोजन न कर के
3. (ii) समय
4. (ii) समय का सदुपयोग
5. (i) व्यक्तियों के लिए

पाठ -17
पत्र-लेखन

आओ करें—

अब लिखिए (लेखन कौशल):

1. दिनांक: 15-07-20xx
सेवा में,
प्रधानाचार्य
रोजवुड पब्लिक स्कूल
लक्ष्मी नगर, भोपाल (म.प्र.)
महोदय,
सविनय निवेदन है कि इन दिनों काफी तेज गर्मी पड़ रही है और हमारे विद्यालय में पानी पीने की जो निर्धारित व्यवस्था है उस पर इन दिनों बहुत भीड़ रहती है जिससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अत: प्रत्येक कॉरिडोर में पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने की कृपा करें।
आपका आज्ञाकारी शिष्य
मनोज कुमार
कक्षा-5 अ

2. दिनांक 02-07-20xx
सेवा में
प्रधानाचार्य

संस्कार पब्लिक स्कूल
सांगानेर रोड, जयपुर (राज.)
महोदय,
सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय की कक्षा पाँच (ब) का छात्रा/की छात्रा हूँ। मेरे पिताजी एक प्राइवेट विद्यालय में शिक्षक हैं। उनको मिलने वाले वेतन से हमारे परिवार का भरण-पोषण बड़ी मुश्किल से हो पा रहा है। इस स्थिति में आपके विद्यालय का शुल्क भर पाने में बड़ी परेशानी होती है। मैं आपके विद्यालय की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करता/करती हूँ। अत: श्री मान जी से निवेदन है कि गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मेरा शुल्क माफ करने की कृपा करें जिससे में अपनी पढ़ाई जारी रख सकूँ।
आपकी अति कृपा होगी।
आपका आज्ञाकारी शिष्य / शिष्या
देवेन्द्र सिंह / रागिनी सिंह
कक्षा-5 (ब)

3. 20 सिंधिया सोसायटी
अँधेरी ईस्ट, मुम्बई (महाराष्ट्र)
प्रिय मित्र सत्यम!
सप्रेम नमस्ते!
मैं यहाँ स्वस्थ और कुशल हूँ आशा करता हूँ कि तुम भी सपरिवार स्वस्थ व कुशल होंगे। आज दीदी का पत्र आया। उससे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि तुमने कांदीवली निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अत: मेरी ओर से इस सफलता के लिए तुमको बहुत बहुत बधाई है। अंकल-आण्टी को मेरा प्रणाम कहना। शेष मिलन पर।
तुम्हारा मित्र
शुभांक जानी

पाठ -18
संवाद-लेखन

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

(अ) 1. पंकज - अरे वाह! चलो मेरे साथ चलो।

2. वरुण - पर मैं तो क्रिकेट खेलने जा रहा हूँ।

3. पंकज - मैं भी क्रिकेट खेलने ही जा रहा हूँ।

4. वरुण - तब तो ठीक है मैं भी चलता हूँ।

5. पंकज - चलो, जल्दी चलो।

(ब) 1. बच्चा - अंकल, मुझे खिलौने लेने हैं, मुझे खिलौने दिखाइए। दुकानदार - देखो, इतने सारे खिलौने यहाँ लगे हुए हैं, तुम्हें जो पसन्द हो वो ले लो। बच्चा - ये नहीं अंकल, मुझे लूडो आदि गेम दिखाइए। दुकानदार - अच्छा दिखाता हूँ। दुकानदार - ये देखो कैरम बोर्ड, लूडो, साँप-सीढ़ी, व्यापार आदि। बच्चा - अंकल मुझे ये वाला लूडो गेम दे दो। दुकानदार - ठीक है बेटा।

2. सब्जी वाला - सब्जी ले लो... सब्जी!
महिला - अरे सब्जी वाले भैया सब्जी ताजी तो हैं। सब्जी वाला - बिलकुल ताजी है बहन जी, मैं सीधा मंडी से यहीं आया हूँ। महिला - अच्छा, गोभी, टमाटर और आलू क्या भाव दे रहे हो सब्जी वाला - बहन जी आलू 20 रुपये किलो, गोभी 25 रुपये किलो और टमाटर 30 रुपये किलो है। महिला - तुम तो बहुत मँहगी सब्जी दे रहे हो। सब्जी वाला - बहन जी मँहगी कहाँ है जो भाव मंडी में है वही भाव लगा रहा हूँ। महिला - अच्छा चलो, 2 किलो आलू, 1 किलो गोभी और 1* किलो टमाटर दे दो और 100 - 100 ग्राम धनिया, हरीमिर्च और अदरक भी दे देना। सब्जी वाला - और कुछ बहन जी, ये पालक देखो बिलुकल ताजा है।
महिला - पालक नहीं चाहिए 100 ग्राम नीबू और दे दो। सब्जी वाला - ठीक है, जैसी आपकी मर्जी।

3. मरीज – डॉक्टर साहब नमस्ते! डॉक्टर – नमस्ते! कहो कैसे आना हुआ। मरीज – डॉक्टर साहब कल रात से मुझे बुखार आ गया है। डॉक्टर – ठीक है, मैं दवा दे रहा हूँ, चार-चार घण्टे बाद दिन में तीन बार दवा लेना और परसों सुबह मुझे बताना। मरीज – ठीक है डॉक्टर साहब। खाने में क्या क्या खाना है? डॉक्टर – बासी और ज्यादा तेल – मिर्च का खाना मत खाना, बाकी सब कुछ खा सकते हो।
4. पिता – रोहन! इधर आना। रोहन – जी पिताजी। पिता – क्या कर रहे हो। रोहन – गृहकार्य कर रहा हूँ। पिता – जब देखो तब तुम लिखते रहते हो, कभी याद भी करते हो। रोहन – जी पिताजी, मैं सुबह के वक्त याद करता हूँ। पिता – ठीक है, जाओ अपना काम पूरा करो और हाँ कल शाम को तैयार रहना, हम घूमने जायेंगे। रोहन – जी पिताजी।

पाठ -19
अनुच्छेद-लेखन

आओ करें—

अब बताइए: (वाचन कौशल):

1. **परोपकार:** परोपकार एक दुर्लभ मानवीय गुण है। यह वह कठिन डगर है, जहाँ तन-मन को कष्टों की अग्नि में तपाकर तलवार की धार जैसे सेवा-मार्ग पर चलना पड़ता है। तभी तो परोपकारी व्यक्ति सामान्य मनुष्य की कोटि से उठकर ईश्वर के समान हो जाता है। इतिहास के पन्नों में उसका नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाता है। सिद्धार्थ का सांसारिक सुख त्याग, वज्र बनाने हेतु महर्षि दधिचि का अपनी हड्डियों का दान, शिवि का अपने शरीर का मांस दान, शहीदों का राष्ट्रहित में अपना बलिदान परहित की साधना ही तो है। वास्तव में यह वह महान त्याग है जिससे विश्व का कल्याण निहित है। इसी से मोक्ष का द्वार भी खुलता है।
2. **भारी बस्ते का बोझ:** प्रतियोगिता और दिखावे के इस युग में माता-पिता अपने बच्चों को जल्दी से जल्दी स्कूल भेज देना चाहते हैं। अब तो प्ले स्कूल के पाठयक्रम को छोड़ दें तो नर्सरी कक्षा से ही पुस्तकों की संख्या विषयानुसार बढ़ने लगती हें। एक-एक विषय की कई पुस्तकें विद्यार्थियों के थैले में देखी जा सकती हैं— कुछ व्याकरण के नाम पर तो कुछ अभ्यास-पुस्तिका के नाम पर। हद तो तब हो जाती है जब शब्दकोश तक बच्चों को विद्यालय ले जाते देखा जाता है। भारी बस्ते के बोझ से बच्चे झुककर चलने को विवश रहते हैं। जिससे कम उम्र में ही उन्हें रीढ़ की हड्डी में दर्द रहने की समस्या शुरू हो जाती है। अब सोचने का समय आ गया है कि भारी बस्ते को किस तरह हल्का किया जाए क्योंकि भारी बस्ते का बोझ बच्चों का बचपन ही निगल रहा है।
3. **सर्दी के दिनों की सुबह:** सर्दी के दिनों में सुबह अत्यधिक सर्दी व कोहरा पड़ता है। स्कूलों में विंटर वेकेशन हो जाती है इसलिए हम देर तक रजाई में दुबके रहते हैं। एक दिन शाम को हमने अपने दोस्तो / सहेलियों के साथ सुबह घूमने का कार्यक्रम बनाया। दूसरे दिन सुबह 6 बजे हम सब अपने घर के पास पार्क में इकट्ठा हुए तो हमने देखा कि पार्क की घास पर ओस की बूदें पड़ी हुई थीं। चारों तरफ कोहरा इतना था कि हमें आस-पास के मकान व पेड़-पौधे दिखाई नहीं दे रहे थे। यहाँ तक कि सामने से आने वाले वाहनों की केवल लाइटें ही दिखाई दे रही थी। कुत्ते पार्क के कोने में सिकुड़ कर बैठे हुए थे। हम लोग कई बार सामने से आने वाली साईकिल व गाय-भैंस से टकराते-टकराते बचे थे। अत्यधिक ठंड

के कारण हम काँप रहे थे और हमारे दाँत किटकिटा रहे थे। सूरज देवता के दूर दूर तक दर्शन नहीं थे। इस स्थिति में हमें समय का अंदाजा भी नहीं हुआ क्योंकि वहाँ का वातावरण अभी भी सुबह के 6 बजे जैसा ही दिखाई दे रहा था। हम घर वापस आकर फिर से रजाई में घुस गये और धूप निकलने का इंतजार करते रहे पर पूरे दिन धूप नहीं निकली।

4. **ऑन लाइन कक्षा:** ऑनलाइन कक्षा छात्रों के लिए शारीरिक रूप से स्कूल गए बिना इंटरनेट के माध्यम से सीखने का एक सुविधाजनक तरीका है। यह उन लोगों के लिए एक फायदेमंद ऑप्शन है जो दूरी या कार्य प्रतिबद्धताओं के कारण स्कूल नहीं जा सकते हैं, वे अपनी पूरी शिक्षा ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं और सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं। कोरोना के कारण हाल के वर्षों में ऑनलाइन कक्षा ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। साथ ही, ऐसी कई सुविधाएँ भी हैं जिनसे ऑनलाइन के जरिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित जैसे विभिन्न विषयों को पढ़ा जा सकता है। यह बच्चों के लिए काफी फायदेमंद होता है। अत: जैसे-जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और टूल आगे बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे शिक्षा का स्वरूप भी बदलता जा रहा है। ऑनलाइन कक्षा में शिक्षा के विकास और सुधार की अपार सम्भावाएँ दिखाई दे रही हैं। आज ऑन लाइन कक्षा शिक्षण पारम्परिक कक्षा शिक्षण का एक मूल्यवान विकल्प बनता जा रहा है।

5. **स्वच्छता अभियान:** स्वच्छता अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक स्वच्छता मिशन है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की 145 वें जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार की ओर से अधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था। यह महात्मा गाँधी की समाधि राजघाट, नई दिल्ली में शुरू किया गया था। इसके अन्तर्गत भारत सरकार ने महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती 2 अक्टूबर 2019 तक पूरे देश को स्वच्छ कर देने का लक्ष्य रखा था। यह एक राजनीति मुक्त अभियान है और देशभक्ति से प्रेरित है। यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक जिम्मेदारी है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्व स्तर पर लोगों ने पहल की है। शिक्षक और स्कूल के छात्र इसमें पूर्ण उत्साह और उल्लास के साथ शामिल हो रहे है और 'स्वच्छता अभियान' को सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

पाठ -20
निबंध-लेखन

आओ करें—

अब लिखिए:

1. विज्ञान और हम
2. इंटरनेट
3. व्यायाम और स्वास्थ्य
4. चुनाव और हम
5. किसी दुर्घटना का वर्णन
6. नदियों में प्रदूषण
7. पेड़-पौधे और हम
8. वर्षा ऋतु
9. मेरा प्रिय त्योहार

विस्तार पूर्वक—

1. **विज्ञान और हम—**वर्तमान युग विज्ञान का युग है। विज्ञान का पिता गैलीलियो गैलीली को माना जाता है। विज्ञान के चमत्कारों ने पूरे विश्व को प्रभावित किया है। विज्ञान का हमारे जीवन पर भी अत्यधिक प्रभाव पड़ा है। हम स्वयं को विज्ञान से पृथक रखकर जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते। विज्ञान के विविध आविष्कारों ने हमें सुविधाजनक बना दिया है। विज्ञान के द्वारा जीवन के सभी पहलुओं पर आविष्कार व खोजे हुई है। शिक्षा, चिकित्सा व्यापार, मनोरंजन, उद्योग

क्षेत्र आदि में विज्ञान की बड़ी उपलब्धि देखी जा सकती है आज मानव चाँद पर भी पहुँच गया बल्कि 18 दिन तक शुभांशु शुक्ला ने रहकर यह सिद्ध कर दिया है कि विज्ञान के आविष्कार, उपयोगिताएं, महत्व दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।

विज्ञान की ही प्रमुख देन बिजली, नेटवर्क, इंटरनेट, बिल-बैंक, ऑन लाइन जॉब, शॉपिंग आदि ने यह साबित कर दिया है कि आज का जीवन विज्ञान पर अधिक निर्भर है। विज्ञान का दुरुपयोग भी संभव है। विनाशकारी शस्त्रों का निर्माण, परमाणु बम आदि का निर्माण विज्ञान का दुरुपयोग भी हो सकता है।

2. **इंटरनेट—**इंटरनेट कम्प्यूटरों का एक विश्वव्यापी नेटवर्क है। इंटरनेट में बहुत से स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क होते हैं। यह कंप्यूटरों का ऐसा अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है। जो लाखों उद्यमों, सरकारी एजेंसियों, शैक्षिक संस्थाओं और व्यक्तियों आदि को परस्पर जोड़ता है।

इंटरनेट का इस्तेमाल प्रयोग दुनियां भर में कई तरह के कामों के लिए किया जाता है।

जैसे—ईमेल भेजना, ऑनलाइन चैंटिग, फाइल ट्रांसफर, वेबीनार आदि।

इंटरनेट के द्वारा वर्ल्ड वाईड वेब तक संपर्क किया जा सकता है।

किसी भी विषय पर जानकारी, शोध, समाचार, ओडियो, वीडियो द्वारा संपर्क, मीटिंग, ऑनलाइन खरीदारी, जॉब वर्क, बैंकिग, बिल-भुगतान आदि सभी क्षेत्रों में इंटरनेट की सुविधा ने कार्यों को आसान बना दिया है।

3. **व्यायाम और स्वास्थ्य—**व्यायाम वह गतिविधि है जो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को भी बढ़ाती है। यह कई अलग-अलग कारणों के लिए किया जाता है, जिनमें शामिल है:— मांसपेशियों को मजबूत करना, हृदय प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, वजन घटाना या फिर सिर्फ आनंद के लिए।

व्यायाम शब्द वि और आयाम से मिलकर बना है, जिसका आशय है व्यायाम, किसी एक क्रिया का नाम न होकर इसमें कई सारी क्रियाएँ समाहित होती है जिनका उद्देश्य व्यक्ति के शरीर को स्वस्थ और स्फूर्तिवान बनाना है। योगासन, खेल-कूद, शाम-सवेरे का भ्रमण, प्राणायाम, अंग-प्रत्यंग क्रियाएं यथा उठक-बैठक, टहलना, आसन, ध्यान, तैरना, मुगदर आदि को समाहित कर जो नाम दिया जाता है वह व्यायाम है।

प्रत्येक व्यक्ति में रोगजनक कीटाणु एक मात्रा में होते हैं मगर हमारा शरीर पर्याप्त शक्तिशाली होने के कारण वे अपना प्रभाव दिखा नहीं पाते हैं मगर जैसे ही शरीर में दुर्बलता आती है हम बीमार पड़ जाते हैं, मगर जो व्यक्ति नित्य व्यायाम करता है वह कभी भी बीमार नहीं पड़ता है।

व्यायाम आलस्य को दूर कर शरीर में स्फूर्ति का संचार करता है। रक्त का परिसंचरण सही ढंग से होने लगता है तथा भोजन भी ठीक तरह से पचता है इस तरह वह रोगों से दूरी बना लेता है।

4. **चुनाव और हम—**चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला है, जो नागरिकों को अपने नेता चुनने और अपने देश के शासन को प्रभावित करने की शक्ति प्रदान करते हैं। ये निष्पक्षता, समानता और प्रतिनिधित्व के सिद्धांतों को कायम रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि मतपेटी के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति की आवाज सुनी जाए।

एक लोकतांत्रिक देश में, प्रत्येक व्यक्ति को अपने राजनीतिक विचार व्यक्त करने का अधिकार है। इसे मताधिकार कहते हैं। यह चुनाव का प्रमुख तत्व है। भारत में 18 वर्ष

की आयु में वयस्कता में प्रवेश करने वाले लोग अपना वोट डाल सकते हैं।

चुनाव हमें हर सत्र में सर्वश्रेष्ठ नेता चुनने की शक्ति देता है। अगर कोई नेता उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर रहा है, तो उसे अगले मतदान सत्र में बदला जा सकता है। हमें बस जनता में सही निर्णय लेने के लिए उचित जागरूकता की आवश्यकता है। लोकतंत्र यही है। आगामी मतदान सत्र में किसी अवांछित उम्मीदवार को उपयुक्त उम्मीदवार से बदलने की शक्ति हमारे पास होती है। चुनाव राजनीतिक नेताओं को चुनने का एक शांतिपूर्ण और प्रभावी तरीका है। इसके अलावा देश के लोग वोट देकर अपने नेता चुनते हैं। इस तरह, नागरिक किसी ऐसे व्यक्ति को चुन सकते हैं जिसके विचार उनके विचारों से सबसे ज्यादा मिलते हैं।

5. **किसी दुर्घटना का वर्णन**—दुर्घटना अचानक घटने वाली दुखद घटना होती है। एक दिन स्कूल से लौटने पर सड़क पर भीड़ लगी थी। वहाँ एक दुर्घटना हो गई थी। एक स्कूटी सवार को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी वह घायल अवस्था में गिरा हुआ था और वहाँ खड़े लोगों ने प्राथमिक चिकित्सा देने के साथ 108 नं. पर एम्बुलेंस बुलाई, उसे अस्पताल ले गए। मुझे भी याद आया, स्कूल में यातायात के नियम "पाठ में टीचर ने बताया था एम्बुलेंस सहायता के लिए 108, पुलिस सहायता के लिए 112 और हाईवे दुर्घटना पर मदद् के लिए 1033 नं. से सहायता लेनी चाहिए"।

सड़क दुर्घटना को देखकर मुझे बहुत दुख हुआ सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करना चाहिए—एक छोटी सी लापरवाही भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है सुरक्षित रहना व दूसरों को सुखी रखना हमारा कर्तव्य है।

यातायत से संबंधित अति महत्वपूर्ण नियम इस प्रकार हैं जिनका ज्ञान सभी को होना चाहिए।

1. मोबाइल का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाए।

2. नशा करके वाहन न चलाए।

3. सीटबेल्ट / हैलमेट का प्रयोग वाहन चलाते समय करें।

4. स्पीड/ओवरलोडिग वाहन न चलाएं।

6. **नदियों में प्रदूषण**—नदियाँ धरती का आभूषण और हमारे जीवन का आधार है। आजकल नदियाँ बहुत प्रदूषित हो गई हैं। कारखानों का गंदा पानी, कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक नदियों में डाला जाता है। इससे जल गंदा हो जाता है और जीव-जंतु मरने लगते हैं। नदियों का प्रदूषण हमारे लिए भी खतरनाक है, क्योंकि हम इसी पानी का उपयोग करते हैं।

नदियों को बचाने के लिए सरकार ने कई योजनाएँ चलाई हैं। "नमामि गंगे योजना" एक प्रमुख योजना है, जिसके तहत गंगा नदी की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नदियों के किनारे सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं।

हमें भी नदियों को प्रदूषित करने से बचना चाहिए—किसी भी विशेष पर्व, त्यौहार पर सिल्वर पन्नी के दोनों में दीया न जलाकर, ढ़ाक के पत्तों के दोनों में दीया जलाकर प्रवाहित करना चाहिए।

मूर्तिपूजन के बाद विसर्जन सामग्री, नई गाड़ी, भैंस, साबुन से स्नानादि नहीं करना/कराना चाहिए। तभी प्रकृति से प्रदान मनुष्य को वरदान रूपी सम्पदाओं से जल संपदा का भी लाभ मिल सकता है।

7. **पेड़-पौधे और हम**—पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, जिससे हम सांस ले पाते है। पेड़-पौधे

हमें फल-फूल, लकड़ी और औषधियाँ भी देते हैं। उनके कारण वर्षा होती है और धरती की हरियाली बनी रहती है। पेड़-पौधे हमें छाया और पक्षियों को रहने का स्थान देते हैं।

आज पेड़ गैर-कानूनी काटे जा रहे है जिससे प्रदूषण और गर्मी बढ़ रही हैं। हमें पेड़-पौधों की रक्षा करनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।

सरकार भी पेड़ काटने से रोकती है और स्वच्छ भारत मिशन और "हरित भारत अभियान" से भी पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत बिना अनुमति पेड़ काटना मना है।

पेड़-पौधे धरती का आभूषण हैं। वे हमें बिना कुछ मांगे सब कुछ दे देते हैं।

हमें पेड़-पौधों का ध्यान रखना चाहिए।

8. **वर्षा ऋतु**—वर्षा ऋतु वर्ष के चार ऋतुओं में से एक महत्वपूर्ण ऋतु है। यह ग्रीष्म ऋतु के बाद आती है इस ऋतु को बरसात, सावन ऋतु भी कहते हैं।

यह ऋतु मुख्य रूप से जून से सितम्बर तक होती है। इस समय आकाश में काले बादल छा जाते है और तेज बारिश होती है।

वर्षा के समय पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं, नदियाँ पानी से भर जाती हैं और चारों ओर हरियाली फैल जाती है।

यह ऋतु किसानों के लिए वरदान है, बारिश से फसलें उगती है। हमें पीने और सिंचाई के लिए पानी मिलता है।

बच्चे बारिश में भीगना और कागज की नाव चलाना पसंद करते हैं। गर्मी से राहत भी मिलती है।

वर्षा ऋतु जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल धरती को हरा करती है, बल्कि हमें खुशियाँ भी देती है।

9. **मेरा प्रिय त्योहार**—भारत त्योहारों का देश है। यहाँ अनेक त्योहार मनाए जाते है। मुझे दीपावली सबसे अधिक पसंद है।

दीपावली कार्तिक महीने में आती है। इस दिन भगवान राम 14 वर्षों का वनवास पूरा करके अयोध्या लोटे थे। तभी से यह त्योहार दीयों का त्योहार कहलाता है।

लोग दीपावली के पहले अपने घरों की सफाई करते हैं और सजाते हैं। बाजारों में रौनक होती है। मिठाईयाँ और नये कपड़े खरीदे जाते हैं।

इस दिन लोग लक्ष्मी माता की पूजा करते है। घरों में दीपक और रोशनी होती है। रात को पटाखे जलाए जाते हैं।

दीपावली रोशनी और खुशियों का त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इसलिए यह मेरा प्रिय त्योहार है।

पाठ -21
कहानी-लेखन

आओ करें—

अब लिखिए (लेखन कौशल):

छात्र-छात्राएँ स्वयं लिखे।

जाँच-पत्र—(1)

1. भाषा अपने विचारों तथा भावों के एक-दूसरे तक पहुँचाने के साधन को कहते हैं।
2. संयुक्त व्यंजनों के नाम- क्ष, त्र, ज्ञ तथा श्र हैं।
3. रचना के आधार पर शब्दों के तीन भेद हैं—

   (i) रूढ़ (ii) यौगिक तथा (iii) योगरूढ़।
4. संज्ञा के तीन भेद हैं—

   (i) व्यक्तिवाचक संज्ञा

   (ii) जातिवाचक संज्ञा

   (iii) भाववाचक संज्ञा

5. जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किये जाते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं।
6. सार्वनामिक विशेषण संज्ञा से पहले आकर संज्ञा की विशेषता बताने वाले शब्दों को कहते हैं।

(ब) 1. (iii) य, र, ल, व (✓)
2. (ii) भावचावक (✓)
3. (i) क्रिया से (✓)

(स) 1. मौखिक 2. तीन
3. गहरी 4. सकर्मक
5. पुरुष 6. बहुवचन

(द) 1. **देशज शब्द** – खटिया, पेट,..... .....।
2. **विदेशी शब्द** – आजाद, कैंची, स्कूल, ...।
3. **तत्सम शब्द** – हस्त, सर्प, क्षेत्र,.....।
4. **तद्भव शब्द** – आग, पत्ता, दही,.....।

(य) 1. मोर 2. मास्टरनी
3. सेठ 4. नागिन
5. ठकुराइन 6. पंडित

जाँच पत्र–(2)

(अ) 1. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ इनका सम्बन्ध पता चलता है, उसे कारक कहते हैं।
2. क्रिया-विशेषण क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को कहते हैं तथा ये चार प्रकार के होते हैं–
(i) स्थानावाचक, (ii) कालवाचक
(iii) रीतिवाचक, (iv) परिमाणवाचक
3. प्रश्नवाचक – क्या राम घर जाता है? तथा पूर्णविराम – राम घर जाता है।
4. अंक = संख्या, गोद।
कर = हाथ, किरण।
लाल = पुत्र, लालरंग।
5. मुहावरा वाक्यांश होता है तथा लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है।
6. पत्र दो प्रकार के होते हैं–
(i) औपचारिक तथा (ii) अनौपचारिक।

(ब) 1. (i) कर्म (✓)
2. (iii) विस्मयादिबोधक अव्यय (✓)
3. (iv) खोदा पहाड़ निकली चुहिया (✓)

(स) 1. (✓) 2. (✗)
3. (✓) 4. (✗)
5. (✗) 6. (✓)

(द) 1. जंगल में एक नीम का पेड़ था। उस पर एक गिलहरी और एक कौआ रहता था। एक बार दोनों ने खेती करने के लिए एक खेत ले लिया। गिलहरी परिश्रमी थी। उसने खेत जोतकर बीज बो दिये और समय पर खेतों में पानी भी दे दिया। जब फसल तैयार हो गयी तो गिलहरी ने उसे काटकर कौए से फसल बाँटने के लिए कहा परन्तु कौआ आलसी था बैठा रहा। गिलहरी ने फसल को दो भागों में बाँटकर अपने हिस्से का अनाज सुरक्षित रखा दिया। आलस के कारण कौए का अनाज वहीं पड़ा रहा। एक दिन जोर की बारिश आयी और कौए का सारा अनाज बह गया। कौआ पेड़ पर बैठकर पछताता रह गया।

(य) रूपरेखा के आधार पर छात्र-छात्राएँ निबन्ध स्वयं लिखें–

I. 1. प्रस्तावना
2. व्यायाम क्यों?
3. व्यायाम के विविध रूप
4. व्यायाम और स्वास्थ्य
5. उपसंहार

अथवा

II. 1. प्रस्तावना
2. वर्षा ऋतु का आगमन
3. वर्षा ऋतु के विविध दृश्य
4. वर्षा ऋतु से लाभ-हानि
5. उपसंहार

❑❑